आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 21.03.2024

मुख्य समाचारः—

1— मुख्यमंत्री ने किसानों को भरोसा दिलाया है कि प्रदेश में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण फसलों को हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।
2— राज्य में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत अब तक तीन लाख से अधिक प्रचार सामग्रियां हटाई जा चुकी हैं।
3— अग्निवीर भर्ती रैली के लिए आवेदन करने की कल अंतिम तिथि।
4— कोंडागांव जिले में निशा जात्रा से हुई मेला—मड़ई की शुरूआत।

मुख्यमंत्री—फसल नुकसान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों को भरोसा दिलाया है कि प्रदेश में पिछले दिनों हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण फसलों को जो नुकसान हुआ है, उसका आंकलन किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर उनसे अपने—अपने क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान की रिपोर्ट देने को कहा है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में बेमौसम बारिश होने और ओले गिरने से फसलों को हानि हुई है, लेकिन इससे किसानों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है।

गौरतलब है कि बीते सोलह से उन्नीस मार्च के बीच प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर तेज वर्षा और ओले गिरने से खड़ी फसल को नुकसान होने की खबरें मिली हैं।

मुख्यमंत्री—दंतेवाड़ा

बस्तर क्षेत्र से लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान की शुरूआत मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णुदेव साय ने कल दंतेवाड़ा से की। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि भाजपा में एक सामान्य कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री जैसे सबसे प्रमुख पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि सबका साथ—सबका विकास—सबका विश्वास और सबका प्रयास भाजपा की नीति है। श्री साय ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे भाजपा उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए पूरी मेहनत के साथ एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए छत्तीसगढ़ में भाजपा को सरकार बनाने का अवसर दिया है। श्री साय ने कहा कि उनकी सरकार ने आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण बस्तर और सरगुजा संभाग को अपनी प्राथमिकता में रखा है। इन क्षेत्रों में विकास की काफी संभावना है।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि केन्द्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार होने के कारण अब यहां विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे भाजपा को लोकसभा चुनाव में बड़ी सफलता दिलाने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करें।

सम्मेलन को राज्य के वन मंत्री और पार्टी के आदिवासी नेता केदार कश्यप और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने भी संबोधित किया।

सचिन पायलट/नितिन नबीन

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार लोकसभा चुनाव में पार्टी को प्रचार से रोकने के लिए उसके बैंक खातों को बंद कर रही है। अपने दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचे श्री पायलट ने माना विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि आयकर विभाग से नोटिस जारी होना वास्तव में प्रतिशोध की भावना से की गई कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के इशारे पर प्रमुख विपक्षी दल पर अंकुश लगाने के साथ ही लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। श्री पायलट ने निर्वाचन आयोग से इस मामले पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में से बाकी पांच सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के नाम की घोषणा जल्द की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में इस बार पिछले लोकसभा चुनाव से बेहतर परिणाम आएंगे। चुनावी बॉण्ड के संबंध में पूछे गए सवाल पर श्री पायलट ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने इसे अवैध घोषित कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड भ्रष्टाचार का बड़ा साधन बन गया है।

श्री पायलट आज रायपुर से जांजगीर रवाना हुए, जहां उन्होंने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। कल वे रायपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक लेंगे।

वहीं, भाजपा के प्रदेश सह–प्रभारी नितिन नबीन ने आज जांजगीर में पार्टी की लोकसभा स्तरीय बैठक ली। बैठक में चुनाव प्रबंधन और व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, संकुल प्रभारी राजेश मूणत, सांसद गुहाराम अजगले और पूर्व विधयक नारायण चंदेल भी शामिल हुए।

भाजपा प्रवेश/कांग्रेस इस्तीफा

प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव और कमरीद गांव की सरपंच पुनिता प्रजापति ने रायपुर में अपने समर्थकों ने साथ भाजपा में प्रवेश किया है। इसके साथ ही धमतरी से कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव राजेन्द्र लुंकड़ सहित अन्य स्थानीय पदाधिकारियों ने भी आज रायपुर स्थित भाजपा कार्यालय में आकर पार्टी पदाधिकारियों की मौजूदगी में भाजपा में प्रवेश किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश सह–प्रभारी नितिन नबीन, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद सुनील सोनी, महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

वहीं, जांजगीर के कांग्रेस नेता और पार्टी के संयुक्त प्रदेश महासचिव रवि पांडेय ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

संपत्ति विरूपण–कार्रवाई

राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत प्रशासन द्वारा सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से दीवार–लेखन को मिटाने के साथ ही पोस्टर और बैनर हटाने की कार्रवाई की जा रही है। राज्य में अब तक करीब तीन लाख पंद्रह हजार प्रचार सामग्रियां हटाई जा चुकी हैं। इनमें सार्वजनिक संपत्तियों से संबंधित लगभग दो लाख और निजी संपत्तियों से संबंधित एक लाख पंद्रह हजार प्रकरणों पर कार्रवाई की गई है। राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत प्रदेशभर में तीन लाख सत्ताईस हजार से अधिक प्रकरणों की पहचान की गई है।

## अग्निवीर भर्ती रैली–आवेदन

अग्निवीर भर्ती रैली के लिए आवेदन करने की कल अंतिम तिथि है। इस रैली में शामिल होने के लिए प्रदेशभर से अब तक अट्ठारह हजार से अधिक उम्मीदवारों ने अपना पंजीयन करा लिया है। इच्छुक उम्मीदवार भारतीय सेना की आधिकारिक वेबवाइट पर जाकर कल बाईस मार्च तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए नवा रायपुर स्थित सेना भर्ती कार्यालय से संपर्क भी किया जा सकता है।

## कोंडागांव–मेला

कोंडागांव जिले में निशा जात्रा से मेला–मड़ई शुरू हो गया है। धान की कटाई के बाद इस मेला–मड़ई की शुरुआत होती है। इस दौरान जिले के ग्रामीण अपने–अपने इष्ट देवी–देवताओं का समागम एक समारोह के रूप में करते हैं। इनमें मुख्य रूप से बड़े माटी, डोकरा सियानदेव, सोनकुंवर देव, देसमातरा और डोकरा देव शामिल हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मेला सैकड़ों वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में मुख्य रूप से मावली माता की पूजा होने के कारण इसे बीते वर्षों के दौरान मंगलवार को ही आयोजित किया जाता था। लेकिन, बदलते परिवेश और परंपराओं को देखते हुए अब इसका आयोजन रविवार को होता है। इस मेले में ग्रामीण अपने देवी–देवताओं की पूजा करते हुए पूरे क्षेत्र में सुख–समृद्धि और अन्न धन की बढ़ोत्तरी की कामना करते हैं।

## प्रदेश अध्यक्ष–प्रचार रथ

लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रचार के लिए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बाईस एलईडी प्रचार रथों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इन रथों के माध्यम से प्रदेश के ग्यारह लोकसभा क्षेत्रों में केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में मतदाताओं को जानकारी दी जाएगी। इन प्रचार रथों को रवाना करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह प्रचार रथ नहीं, बल्कि विश्वास का रथ है।

इससे पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी पिछले दिनों पार्टी के ग्यारह एलईडी प्रचार रथों को रवाना किया था।

## भाजपा कोर कमेटी–बैठक

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी बैठकें लेकर रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में कोरबा में प्रदेश भाजपा की चुनाव प्रबंधन और कोर कमेटी की बैठक हुई। इसमें पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा ने पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने में सफलता हासिल की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रदेश की ग्यारह में से ग्यारह सीटों पर जीत हासिल होगी।

## लोकसभा चुनाव–मरवाही आदेश

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तहत लागू आदर्श आचार संहिता के कारण शासकीय वाहनों का प्रयोग करने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसी कड़ी में गौरेला–पेंड्रा–मरवाही की जिला निर्वाचन अधिकारी लीना कमलेश मंडावी ने अपने क्षेत्र में शासकीय वाहनों का प्रयोग करने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है।

इसके साथ ही उन्होंने चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति तक मतदान केंद्र भवनों को अधिग्रहित करने का आदेश जारी किया है। वहीं, लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

हाईकोर्ट–याचिका खारिज

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने रामलला दर्शन योजना के खिलाफ लगाई गई जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत के इस फैसले पर खुशी जताते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि प्रदेश में रामभक्तों की इच्छा और भावना को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने यह योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के पहले अपने संकल्प पत्र में रामभक्तों को रामलला के दर्शन कराने की गारंटी दी थी।

बैंक–31 मार्च

रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों को रविवार, इकतीस मार्च को अपनी सभी शाखाएं खुली रखने के संबंध में परामर्श जारी किया है। यह परामर्श सरकारी प्राप्तियों और भुगतानों से संबंधित कार्य करने वाले सभी बैंकों के अनुरोध के बाद जारी किया गया है।

मौसम

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों के दौरान हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के बाद कल से मौसम सामान्य होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण से आने वाली हवाओं का असर कम होने के कारण प्रदेश में कल से मौसम शुष्क रहने के आसार है। वहीं, अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी की संभावना भी जताई गई है।

संक्षिप्त समाचार

– राजनांदगांव के वीआईपी रोड स्थित एक जमीन कारोबारी के ठिकानों पर आज आयकर विभाग के अधिकारियों ने छापे की कार्रवाई की। आयकर विभाग के दस अधिकारियों के दल ने करीब दो घंटे तक कारोबारी के निवास और अन्य स्थानों की जांच की।

– दुर्ग जिले के सुपेला इलाके में बीती रात एक पिकअप वाहन की चपेट में आने से दोपहिया सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

– कोरिया जिला पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के मामले में एक आरोपी को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अलग–अलग फोन नंबरों के जरिये लोगों से करीब चार लाख रूपये की धोखाधड़ी की है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>